प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 85 /2024)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी-25) की 25वीं बैठक की मेजबानी की

नई दिल्ली, 13 नवम्बर, 2024: नई दिल्ली, दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी-25) की 25वीं बैठक दिनांक 11 से 13 नवंबर, 2024 तक नई दिल्ली, भारत में आयोजित की गई, जिसमें पूरे दक्षिण एशिया के विनियामकों, उद्योग जगत के नेताओं और विशेषज्ञों इस बैठक में शामिल किया गया। एशिया-प्रशांत दूरसंचार समुदाय (एपीटी) के सहयोग से भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) द्वारा मेजबानी की गई, इस वर्ष की बैठक में हितधारकों को अंतर्दृष्टि साझा करने, विनियामक चुनौतियों का समाधान करने और अधिक समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में मार्ग बनाने के लिए एक साथ लाया गया। तीन दिनों तक चलने वाले, एसएटीआरसी-25 के कार्यक्रम में ऐसी प्रमुख चर्चाएँ की गई जो क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक समृद्धि के लिए डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने हेतु "**विकास और समावेशिता के लिए दूरसंचार और आईसीटी विकास में तीव्रता लाने**" के विषय पर जोर देती हैं।

बैठक का उद्घाटन दिनांक 11 नवंबर, 2024 को संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासनी चंद्रशेखर की उपस्थिति में संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा किया गया। एशिया पैसिफिक टेलीकम्युनिटी (एपीटी) के महासचिव श्री मसानोरी कोंडो तीनों दिन उपस्थित रहे। एसएटीआरसी-25 ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी को एसएटीआरसी का अध्यक्ष चुना।

एसएटीआरसी एशिया-प्रशांत दूरसंचार समुदाय (एपीटी) के तहत की गई एक पहल है जो दक्षिण एशिया के दूरसंचार क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग और सामंजस्यपूर्ण विनियामक प्रथाओं संवर्धन करता है। **अफ़गानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, ईरान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका** सहित सदस्यों के साथ, एसएटीआरसी क्षेत्र में डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए विनियामक नवाचार, नीति संरेखण और सहकारी प्रयासों का समर्थन करके एक डिजिटल रूप से समावेशी समाज बनाने के लिए समर्पित है।

एसएटीआरसी -25 की बैठक में दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्रों में प्रमुख मुद्दों के समाधान के लिए एक व्यापक कार्यसूची तैयार किया गया। बैठक में कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें विनियामक गोलमेज चर्चा और विनियामक-उद्योग वार्ता शामिल थी।

उद्योग सत्र का आयोजन दक्षिण एशियाई क्षेत्र में दूरसंचार/आईसीटी उद्योग को विनियामक वातावरण और उन मुद्दों पर उद्योग के दृष्टिकोण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने का अवसर देने के उद्देश्य से किया गया था। इस सत्र का आयोजन अर्थव्यवस्था और समाज के डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने के लिए नीति और विनियामक सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करने के लिए भी किया गया था। बैठक में एसएटीआरसी

कार्य योजना चरण-IX के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई, एसएटीआरसी कार्य समूहों के अध्यक्षों द्वारा रिपोर्ट की गई विभिन्न कार्य मदों पर प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2025 के लिए एसएटीआरसी कार्य योजना चरण-IX की गतिविधियों और बजट कार्यान्वयन पर भी समीक्षा की गई।

बैठक में भौतिक रूप से और आभासी मोड दोनों रूप में अच्छी भागीदारी रही। कुल भागीदारी लगभग 120 थी, जिसमें 10 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल थे। एसएटीआरसी के प्रत्येक सदस्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 9 विनियामक प्रमुख/प्रतिनिधिमंडल प्रमुख उपस्थित थे। बैठक में दूरसंचार उद्योग से भी अच्छी भागीदारी हुई, जिन्होंने विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया।

सभी एसएटीआरसी देशों के विनियामकों से सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने और उभरती प्रौद्योगिकियों और सेवाओं द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने हेतु कार्रवाई के एक मजबूत आह्वान के साथ बैठक संपन्न हुई।

किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, सुश्री वंदना सेठी, सलाहकार(प्रशासन एवं आईआर) से advadmn@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता०/-
(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा